CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:00 बजे
सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे
सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ
हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 293 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरुवार, 21 मई 2026



जिस मंच ने किया था रिजेक्ट...पेज-3 पर

# पारंपरिक खेती के साथ-साथ नैनीताल की वादियों में उगा जापान का फल

**नैनीताल**

**अफजल हुसैन फौजी**

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पारंपरिक खेती के साथ-साथ अब कुछ नया और अनोखा करने की तैयारी चल रही है। अक्सर देखा जाता है कि पहाड़ों में सेब, आडू और खुबानी जैसी फसलें ही ज्यादा होती हैं, लेकिन अब यहां के मौसम में विदेशी फल भी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। नैनीताल के पटवाडांगर में स्थित बायोटेक्नोलॉजी संस्थान के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो आने वाले समय में उत्तराखंड के किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। वैज्ञानिकों ने यहां पहली बार जापानी परसिमन की



खेती करने में कामयाबी हासिल की है। इस सफलता के बाद अब पहाड़ों में नकदी फसलों को लेकर एक नई उम्मीद जाग गई है। संस्थान के प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने बताया कि जापानी परसिमन मुख्य रूप से जापान, चीन और कोरिया जैसे देशों में उगाया जाता है, लेकिन जब इसे नैनीताल के मौसम में आजमाया गया, तो इसके नतीजे उम्मीद से कहीं ज्यादा बेहतर रहे।

बायोटेक्नोलॉजी काउन्सिल के निदेशक डॉ. संजय कुमार की देखरेख में साल 2021 में पटवाडांगर में इस फल का एक छोटा सा पौधा लगाया गया था। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस जापानी फल की मांग बहुत ज्यादा है, जिस वजह से यह पहाड़ी किसानों के लिए पारंपरिक खेती से कहीं ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर बड़े पैमाने पर इसकी खेती शुरू की जाए, तो यह किसानों की कमाई को



कई गुना बढ़ा सकती है। इतना ही नहीं, इस फल के आने से सिर्फ खेती ही नहीं बल्कि फ्रूट प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में भी काम बढ़ेगा। इससे पहाड़ों में रहने वाले स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और उन्हें काम की तलाश में अपना घर छोड़कर मैदानी इलाकों की तरफ नहीं भागना पड़ेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि नैनीताल और इसके आसपास के पहाड़ी इलाकों की जलवायु इस विदेशी फल के लिए बिल्कुल मुफीद है। उन्हें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में परसिमन की खेती ग्रामीण अर्थव्यवशस्था की रीढ़ बन सकती है। सरकार और वैज्ञानिक इस समय पहाड़ों में खेती के तौर-तरीकों को बदलने और फसलों में विविधता लाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। ऐसे में जापानी परसिमन का यह सफल एक्सपेरिमेंट उत्तराखंड के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने और पलायन की पुरानी समस्या को रोकने की दिशा में एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

### टमाटर जैसा दिखने वाला यह फल है सेहत का खजाना

देखने में यह फल बिल्कुल टमाटर जैसा लगता है और पकने पर इसका रंग चमकीला नारंगी हो जाता है। यह फल आमतौर पर सितंबर से दिसंबर के महीनों के बीच पूरी तरह तैयार होता है। स्वाद में बेहद मीठे होने के साथ-साथ यह सेहत के लिए भी बहुत गुणकारी माना जाता है। इस फल के अंदर भरपूर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। डॉक्टर मानते हैं कि यह फल हमारी आंखों की रोशनी बढ़ाने, इम्यूनिटी को मजबूत करने, पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने और दिल को सेहतमंद बनाए रखने में बहुत मददगार साबित होता है।

## News कॉर्नर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल, बरेली में चल रहा इलाज

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में घायल के भाई ने कोतवाली कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम किशनपुर घुड़दौड़ा रामपुर रोड निवासी गजेन्द्र मेहरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई विनोद मेहरा पुत्र प्रताप सिंह मेहरा बीते मंगल वार की देर शाम घर से आइसक्रीम लेने बाजार गया था। इसी दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल के पास छठ पूजा स्थल के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में विनोद मेहरा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बरेली स्थित राम मनोहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

गृह मंत्रालय ने 20 जून तक दी मंजूरी

# शुभेंदु सरकार ने 180 दिन के लिए मांगी सीएपीफ की 500 कंपनियां

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

बंगाल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुभेंदु अभिकारी की सरकार ने गृह मंत्रालय से सीएपीएफ की 500 कंपनियां राज्य में बनाए रखने की मांग की है। राज्य सरकार ने अक्तूबर कर केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की थी, लेकिन गृह मंत्रालय ने 20 जून तक ही इसकी मंजूरी दी है।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की पांच सौ कंपनियों को तैनात किया गया था। गत सप्ताह राज्य के वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य की गहन समीक्षा की गई। इसके बाद निर्णय लिया गया कि राज्य से अब केंद्रीय बलों की कंपनियों को चरणबद्ध तरीके से हटा लिया जाएगा। पहले चरण में 100 कंपनियों यानी 10 हजार जवानों की पश्चिम बंगाल से वापसी का आदेश जारी किया गया। अब पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से आग्रह किया है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर 180 दिन यानी अक्तूबर तक सीएपीएफ



की पांच सौ कंपनियों की तैनाती को बरकरार रखा जाए। गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के आग्रह पर विचार किया और 20 जून तक केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीएपीएफ की पाँच सौ कंपनियों को राज्य में तैनात करने का आदेश जारी किया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि सीआरपीएफ की 200, बीएसएफ की 150, सीआईएसएफ की 50, आईटीबीपी की 50 और एसएसबी की 50 कंपनियाँ, अब बीस जून तक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य में तैनात रहेंगी। राज्य सरकार को केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक और ठहरने के उचित स्थान का इंतजाम करना होगा। गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से फोर्स की सभी ऑपरेशनल जरूरतों को ध्यान में रखने की बात कही है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी को संदेश भेजा गया था। इसमें कहा गया कि विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीएपीएफ की कंपनियों को अब चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। राज्य में चुनाव संपन्न होने के बाद केंद्रीय बलों के सभी जवानों को वहां से नहीं हटाया गया था।

# बीएलएम एकेडमी में प्रतिभा अभिनंदन समारोह

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में बीएलएम एकेडमी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों एवं समर्पण भाव से कार्य करने वाले दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के छात्र जितेंद्र गुररानी को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विज्ञान प्रदर्शनी में टीम को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया, जबकि शिवांश अग्रवाल को कक्षा 10 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। शिक्षक वर्ग में वरिष्ठ वर्ग श्रेणी में पंकज ग्याला तथा जूनियर वर्ग श्रेणी में रेखा बिष्ट को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत नाटिका से हुई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष श्री भगवान सहाय ने विद्यार्थियों के जीवन को रामायण से जोड़ते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय की निदेशक श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने सभी को कठिन परिश्रम कर जीवन में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। भारत विकास परिषद की सदस्य श्रीमती शिखा अग्रवाल ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्य पंकज अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या पूनम कंवात्रा, शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।



# कच्ची शराब बेचते आरोपी को जीआरपी ने दबोचा, 64 पाउच बरामद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रेलवे पुलिस की टीम ने काशीपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 64 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जीआरपी चौकी काशीपुर में तैनात एस आई तरन्नुम सईद अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शांति व्यवस्था, ट्रैक चेकिंग और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त पर थीं। इसी दौरान सीआईबी और रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ समन्वय वार्ता के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि समपार स्पेशल के पास कोयला अनलोडिंग क्षेत्र में एक व्यक्ति कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कंचन सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी वार्ड नंबर-18, होली चौक, टांडा उज्जैन, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर बताया। आरोपी ने बेरोजगारी और बीमारी का हवाला देते हुए घर चलाने के लिए शराब बेचने की बात कबूल की। तलाशी के दौरान पुलिस को 64 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। साथ ही आरोपी के पास से बिक्री के 1170 रुपये नगदी भी बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# मेधावी प्राची मटेला ने बढ़ाया देवभूमि का मान, ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, और जब हौसले बुलंद हों, तो विपरीत परिस्थितियां भी कामयाबी का रास्ता नहीं रोक सकतीं। ऐसा ही कुछ ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कर दिखाया है उत्तराखंड की होनहार बेटी प्राची मटेला ने। प्राची ने बोर्ड परीक्षा में 98.6त अंक लाकर न सिर्फ अपने जिला ऊमसिंह नगर रुद्रपुर में पहला (टॉप) स्थान हासिल किया है, बल्कि पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर देवभूमि और मातृशकि का मान सम्मान पूरे देश में रोशन किया है। प्राची की इस प्रेरणादायी सफलता पर सामाजिक सरोकारों और युवा कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने वाले ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने उनके आवास पर पहुंचकर प्राची को सम्मानित किया। ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की फाउंडर



ममता पांडे और दीपक पांडे ने प्राची मटेला की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और स्मृति चिह्न, पुष्प गुच्छ व सम्मान वस्त्र से सम्मानित किया। इस दौरान दीपक पांडे ने कहा कि प्राची ने जो मुकाम हासिल किया है, वह उसकी माता दीपा मटेला व पिता और उनके पूरे परिवार के दिन-रात के कड़े त्याग और अटूट संघर्ष का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि इष्ट देवी-देवताओं के आशीर्वाद और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन व सहयोग से प्राची ने सफलता का यह नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राची ने अपनी इस जादुई सफलता का मंत्र साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बिना किसी बाहरी कोचिंग या ट्यूशन के, केवल खुद पर भरोसा रखकर यह सफलता पाई है। वह रोजाना पूरी एकाग्रता के साथ खुद के नोट्स बनाती थीं और लगातार प्रैक्टिस के जरिए अपनी कमियों को दूर करती थीं। फाउंडर ममता पांडे ने बताया प्राची के संघर्ष की कहानी हर युवा के लिए एक मिसाल है। वहीं, उनके पिता जी सरकारी नौकरी में होने के कारण ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहते थे। उसके बाद भी प्राची ने युवाओं के लिए मार्गदर्शक बनी।

प्राची ने मां दीपा मटेला ने बताया ऐसी स्थिति में दिन के समय पढ़ाई करना बेहद चुनौतीपूर्ण था। लेकिन प्राची ने हार नहीं मानी; उन्होंने विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ा और रात के सन्नाटे को अपनी ताकत बनाया। अक्सर रात से लेकर सुबह 4 बजे तक कड़ी मेहनत और पढ़ाई करती थीं। सम्मान समारोह में प्राची की हौसलाअफजाई करने के लिए ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन परिवार की ओर से फाउंडर ममता पांडे, दीपक पांडे, सुमित पांडे, लवी पांडे, प्रज्वल पांडे, परिधि पांडे, अवनी पांडे और अक्षत पांडे मौजूद रहे।

# मॉल रोड पर सुबह-सुबह जाम से जूझे लोग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल में पर्यटन सीजन शुरू होते ही शहर की यातायात व्यवस्था एक बार फि र सवालों के घेरे में आ गई है। बुधवार सुबह करीब नौ बजे नगर की शान समझी जाने वाली मॉल रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालत यह रही कि वाहन रेंग.रेंग कर आगे बढ़ते रहे और सड़क पर लगभग एक घंटे तक जाम जैसे हालात बने रहे।

बता दें बुधवार को सुबह भीड़ बढ़ने के बाद अपर मॉलरोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एक घण्टे तक वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे। जिससे सुबह रोजमर्रा के कार्यों के लिए निकलने वाले स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। इस दौरान मॉलरोड पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन लगातार यातायात बाधित करते रहे। लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं की गई। रोजाना सड़क के किनारे खड़े वाहनों के कारण सड़क संकरी हो जाती है। जिससे यातायात प्रभावित हो जाता है। पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या ने स्थिति को और खराब कर दिया। कई जगहों पर वाहन चालकों के बीच आगे निकलने की होड़ भी जाम का कारण बन रही है।बुधवार को भी स्थिति को संभालने के लिए पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी देर बाद पुलिस ने धीरे.धीरे वाहनों को निकालकर यातायात सुचारु कराया। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या अब रोजमर्रा का हिस्सा बन चुकी है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मॉलरोड और आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे पार्किंग पर सख्ती से रोक लगानेए अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा पर्यटन सीजन में यातायात प्रबंधन मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि मॉलरोड व अन्य सड़कों से पार्क वाहनों को हटवाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।



# मैदानी क्षेत्रों की तरह नैनीताल में भी चढ़ा पारा, लोग बेहाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मैदानी क्षेत्रों की तरह नैनीताल में इन दिनों तापमान में बढोत्तरी होने की वजह से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया जिससे लोगों को दिनभर तेज गर्मी का सामना करना पड़ा।

तापमान बढ़ने की वजह से दोपहर के समय धूप और उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पेड़ों और इमारतों की छांव का सहारा लेते दिखाई दिए वहीं होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों में पंखे पूरे दिन तेज रफतार से चलते रहे। दूसरी ओर दिनभर आसमान में हल्के बादल भी छाए रहे लेकिन इससे लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिल सकी वहीं शाम के समय तेज हवाएं चलने से बादल छंट गए। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और बढोतरी हो सकती है वहीं आगामी कुछ दिनों तक मौसम सामान्य रहने और हल्के बादल छाने का पूर्वानुमान जताया है। मई माह की शुरुआत में जहां शहर का अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया था वहीं बीते कुछ दिनों से लगातार धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन भवाली डिपो की कार्यकारिणी गठित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन भवाली डिपो की बुधवार को नई कार्यकारिणी गठित कर दी गयी।

कार्यकारिणी में हर्षवर्धन को शाखा अध्यक्ष, दिनेश दुमका को शाखा मंत्री जबकि एल डी पालीवाल प्रांतीय प्रतिनिधि चुने गए। इसके अलावा शाखा उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र व मोहन असवाल, शाखा संयुक्त मंत्री सुधीर कुमार व अमित नयाल,संगठन मंत्री की जिमेदारी हरीश लाल व मनोज जोशी जबकि कोषाध्यक्ष पंकज जोशी वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के रु प में विद्यासागर,दीपचंद्र, रणजीत सिंह, खुशाल सिंह तथा खगेश चंद चुना गया जबकि क्षेत्रीय प्रतिनिधि रूप किशोर सागर तथा नरेश पाल जबकि प्रांतीय प्रतिनिधि के रुप में एल डी पालीवाल तथा वी के रॉय चुने गए। चुनाव अधिकारी व संगठन के पदाधिकारियों के रुप में प्रदेश अध्यक्ष कमल पपने, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, मंत्री मनिंदर गावा, मनोज भट्ट, हरीश रावत तथा दिनेश दुमका आदि लोग मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेंगे, पर्वतीय मार्गो में बस संचलन हेतु प्रयास करेंगे, कर्मचारियों को समय से वेतन दिलवाने, कार्यशाला में स्पेयर पार्ट्स दिलवाने,कैंची धाम व नैनीताल हल्द्वानी रोड में अधिक से अधिक बस चलवाने का प्रयास करेंगे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट ने किया यूएसनगर के सीईओ के आदेश को रद्द

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जिला ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में गुरुनानक डिग्री कालेज के पास राज्य सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल को अचानक स्कूल प्रबंधक का पक्ष सुने जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा उसकी मान्यता रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने जिला शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंह नगर के आदेश को नियम विरुद्ध पाते हुए उसे निरस्त कर दिया साथ में कोर्ट ने स्कूल प्रबंधक से कहा है कि वे जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी नोटिस का जवाब दस दिन के भीतर दें। मामले के अनुसार रुद्रपुर के गुरुनानक डिग्री कालेज के पास डिजिटल वर्ल्ड नामक स्कूल संचालित है। इसके आसपास कई अन्य स्कूल भी संचालित हैं। इस स्कूल में कक्षा एक से पांच तक के0 390 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल को चलाने के लिए 2025 में राज्य सरकार के द्वारा मान्यता दी गयी। अब 6मई 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंह नगर के द्वारा स्कूल का निरीक्षण करके कहा गया कि स्कूल मानकों के अनुरुप नहीं चल रहा है। इस पर आप दो दिन के भीतर अपनी प्रतिक्रिया पेश करें।समय पर उसका उत्तर नहीं दिये जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 12 मई को स्कूल की मान्यता रद् करने के आदेश जारी कर दिये गए जिसके खिलाफ उनके द्वारा कोर्ट की शरण ली गयी है। उनके द्वारा कहा गया कि स्कूल को 2025 में राज्य सरकार के द्वारा मान्यता दी गयी थी। उनका पक्ष सुने बिना आनन फ ानन एक सप्ताह में मान्यता रद्द कर दी गयी जबकि अभी शैक्षणिक सत्र चल रहा है।

## मल्लीताल क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटा, दो लोग हुए घायल

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल रिक्शा स्टेंड के समीप सवारियां लेकर आ रहा ई-रिक्शा मोडने के दौरान पलट गया। हादसे में रिक्शे में सवार दो लोग चोटिल हो गए जबकि अन्य दो सवार बालबाल बचे। चोटिलों को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल ले जाकर उपचार दिलाया गया।

जानकारी के मुताबिक ई-रिक्शा चालक सुखदेव बुधवार सुबह तल्लीताल से सवारियां लेकर मल्लीताल पहुंचा। वह स्टेंड के समीप रिकशा मोड़ ही रहा था कि गति अधिक होने के कारण अचानक रिकशा पलट गया जिससे भीतर सवार चारों सवार मुंह के बल सड़क पर जा गिरे। पुलिसकर्मियों व राहगीरों ने मदद को पहुंचे किसी तरह रिकशे के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में बेलुवाखान निवासी प्रमोद कुमार व तल्लीताल निवासी हरीश चंद्र चोटिल हो गए। जिनको तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

# NEWS / फटाफट

## सरकार को दी तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नेपाली मूल के निवासियों के द्वारा अपने को भारतीय बताकर नैनीताल के आसपास सरकारी जमीन व वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करके गलत तरीके से भारत की नागरिकता के दस्तावेज तैयार कर कबजा किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सखत रुख अपनाते हुए सरकार से यह बताने को कहा कि ये किस पॉलिसी के अंतर्गत भारत में रह रहे और कैसे भूमि इनके द्वारा खरीदी जा रही है। तीन सप्ताह में कोर्ट को बताएं। बुधवार को हुई सुनवाई पर सरकार ने शपथ पत्र पेश कर कहा कि 1950 की नियमावली के तहत भारतीय नेपाल में और नेपाली भारत मे रह सकते हैं और रोजगार कर सकते हैं, जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि नियमावली के अनुसार अगर कोई नेपाली भारत में जमीन लेता है तो वह आरबीआई के माध्यम से खरीदी जाएगी। भारतीयों को ये सुविधा नेपाल में नहीं मिली हुई है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि किस नीति के आधार पर रह रहे उसे पेश करें।

## हाईकोर्ट ने सर्वे की प्रगति रिपोर्ट करें हाईकोर्ट में पेश

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट में हल्द्वानी स्थित मुखानी चौराहे को जाम मुक्त कराए जाने और यहां पर फलाई ओवर का निर्माण करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 2 सप्ताह में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों के साथ फलाई ओवर निर्माण के लिए कराए गए सर्वे की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 3 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने कोर्ट को अवगत कराया कि हल्द्वानी के मुखानी चौराहे में आए दिन लगने वाले जाम को देखते हुए 2018 में यहां पर फलाईओवर बनाने का सुझाव देने के बाद प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर इसका सर्वे कराया गया। कई वर्ष बीत जाने के बावजूद इसके अभी तक राज्य सरकार द्वारा इसकी रिपोर्ट पेश नहीं की गई है जबकि यह शहर का व्यस्तम मार्गो में से एक है। हर रोज यहां पर घंटों का जाम लगा रहता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए फ्फलाई ओवर की जरूरत हो रही है ताकि शहर में आने जाने वाले मुसाफिर व छात्र और कर्मचारी तय समय में अपने स्थानों पर तय समय पर पहुंच सके।

## वन विभाग ग्रामवासियों का रास्ता बंद नहीं कर सकता:हाईकोर्ट

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खटीमा जिला ऊधमसिंह नगर के सालभोजी और अन्य ग्रामों का वन विभाग के द्वारा सदियों पुराना संचालित रास्ते को अपना बताकर बंद किए जाने के मामले मे दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए कहा है कि वन विभाग को कोई अधिकार नहीं है कि वह ग्रामवासियों का रास्ता बंद कर दें। कोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा पेश किए गए रेबन्यु रिकार्ड का अवलोकन करने पर पाया कि यह रास्ता सदियों से आम रास्ता था। अब विभाग कैसे इसे बंद कर सकता है। बुधवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता गौरव भट्ट ने भी वही रिकार्ड कोर्ट में पेश किया जो रेवन्यू विभाग ने किया। रिकार्ड से सन्तुष्ट होने के बाद कोर्ट ने कहा कि यह वर्षो पुराना ग्रामीणों का आम रास्ता है जो रिकार्ड में दर्ज है, अब वन विभाग इसे कैसे बंद कर सकता है।

## पुलिस कप्तान बोलेः गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

**नैनीताल** । नरेश पांडे के चर्चित प्रकरण में अब पुलिस ने सखत तेवर अपना लिए हैं। जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने नरेश पांडे और उसके साथ घूमने वाले हथियारबंद लोगों को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि नरेश पांडे के मुष्टंडे क्षेत्र में दहशत फैला रहे हैं। पुलिस ने नरेश पांडे और उसके बाउंसरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नरेश पांडे अवैध तरीके से हथियारबंद लोगों को साथ लेकर घूमता है जिससे आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। जांच के दौरान बाउंसरों द्वारा हथियारों के दुरुपयोग और आमर्स एकट उल्लंघन की बात सामने आने पर पुलिस ने असलाह जबत कर लिया है साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर शहर व सोशल मीडिया में चर्चाओं का दौर जारी है और लोग अब पुलिस की अगली कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में गुंडागर्दी, शक्ति प्रदर्शन और भय का माहौल बनाने वालों को किसी भी कीमत पर बकशा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रहार के तहत ऐसे आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सैलानियों की आवाजाही से बढ़ी रौनक



**नैनीताल** । नैनीताल में बुधवार को दिनभर सैलानियों की भीड रही जिससे नगर में रौनक बनी रही । बता दें मैदानी क्षेत्रों में हो रही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए सैलानी पहाड़ों की ओर आ रहे हैं जिसके चलते पहाड़ों में सैलानियों की भीड़ इन दोनों जुटी हुई है। बुधवार को भी नगर में सैलानियों से काफी चहल पहल रही। सैलानियों ने नगर के अलावा आसपास के पर्यटक स्थलों में भी काफी भीड़ भाड़ रही । सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। नगर की माल रोड में सैलानियों की काफी रौनक बनी रही।

# अभिमत

## खतरा ही खतरा

*अनियोजित विकास से पहाड़ दरक रहे हैं। भूस्खलन से उत्तरकाशी सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। नैनीताल और निकटवर्ती क्षेत्र पर खतरा मंडरा रहा है। आलूखेत, भूमियाधार, खुपी, भीमताल में कई क्षेत्र के अनेक भवन खतरे की जद में हैं। सरकारी तंत्र जानमाल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। सर्वे, डीपीआर, टेंडर और कागजों की फाइलों तक ही औपचारिकता निभाई जा रही है। मानसून में बारिश का दौर शुरू होने पर खतरा ही खतरा नजर आ रहा है। मई में आंधी और वर्षा से पहाड़ से पत्थर की विशाल चट्टानें गिरने से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गये।*

उत्तराखंड में सरकार की आय का मुख्य स्रोत पर्यटन है। होटल और अन्य व्यापारियों का प्रमुख कारोबार, शिक्षित और अशिक्षित लोगों के रोजगार का साधन पर्यटन है। विश्व प्रसिद्ध सरोवरनगरी नैनीताल के साथ ही मसूरी, रानीखेत, कौसानी, अल्मोड़ा, मुक्तेश्वर, हिमनगरी मुनस्यारी आदि दर्जनों पर्यटनस्थल हैं। अनियोजित विकास से पहाड़ दरक रहे हैं। भूस्खलन से उत्तरकाशी सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। नैनीताल और निकटवर्ती क्षेत्र पर खतरा मंडरा रहा है। आलूखेत, भूमियाधार, खुपी, भीमताल में कई क्षेत्रों के अनेक भवन खतरे की जद में हैं। सरकारी तंत्र जानमाल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। सर्वे, डीपीआर, टेंडर और कागजों की फाइलों तक ही औपचारिकता निभाई जा रही है। मानसून में बारिश का दौर शुरू होने पर खतरा ही खतरा नजर आ रहा है। मई में आंधी और वर्षा से पहाड़ से पत्थर की विशाल चट्टानें गिरने से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गये। मकानों में रहने वाले परिवारों को धर्मशाला और अन्य जगह विस्थापित किया गया। पिछले कई वर्ष से भारी बारिश होने पर नैनीताल की लोअर माल रोड की सुरक्षा दीवार का बड़ा हिस्सा झील में समा जाता है। सड़क पर यातायात रोक दिया जाता है। अपर माल रोड में भी दरारें पड़ चुकी हैं। आईआईटी के विशेषज्ञों से सर्वे कराकर लोअर माल रोड की सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया गया था, लेकिन मानसून में बारिश होने पर पुनः टूट गई। सरोवरनगरी में झील मुख्य आकर्षण है। विशेषज्ञों का आकलन है कि झील के चारों ओर पहाड़ियों पर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण, ऊंची पहाड़ियों से पानी निकासी के लिए बने नालों पर अतिक्रमण से भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। ग्रीष्मकालीन पर्यटन शुरू हो चुका है। राज्य की सड़कों और पुलों की हालत बदहाल है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी महानगर की कई सड़कों में गड्ढे हैं। मई की शुरुआत में मात्र कुछ घंटे की बारिश में ही सड़कें उधड़ गईं। उत्तराखंड में सिर्फ गर्मी के मौसम में ही पर्यटक नहीं पहुंचते हैं। कुछ साल से वीकेंड पर ही पर्यटकों से पहाड़ की वादियां गुलजार हो जाती हैं। पर्यटक स्थलों पर वाहनों की संख्या बढ़ने पर यातायात जाम से निजात के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया। सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हुआ। नये पुलों का निर्माण भी अधर में है। सड़क चौड़ी करने के लिए पेड़ काटने और पहाड़ तोड़ने से भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। सरकारी विभागों ने सुरक्षा के प्रबंध नहीं किये तो भविष्य में खतरानाक स्थिति से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

# धारी ब्लॉक के बबियाड में फैला वायरल फीवर

## कांग्रेस नेता शर्मा की पहल पर लगा शिविर, हुआ प्रभावितों का उपचार



धारी

हमारे संवाददाता

विगत सप्ताह भर से धारी बलॉक के बबियाड ग्राम सभा मे अधिकांश ग्रामीण वाइरल फीवर से पीड़ित चल रहे थे, क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणो की परेशानी से कांग्रेस नेता मनोज शर्मा रूबरू हुये , अधिकांश ग्रामीण संसाधनों के अभाव मे रहते हैं जिसके कारण इस भयावह गर्मी मे ग्रामीणो का हल्द्वानी आकर ईलाज कराना कष्टकारी था। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने सहायक मुखय चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव खरकवाल से वार्ता की व स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया । डा.खर्कवाल के निर्देश पर चिकित्सा प्रभारी धारी डॉ. हिमांशु कांडपाल ने बबियाड में मेडिकल कैंप लगाने के लिये एक टीम भेजी। टीम मे सीनियर फि जिसियन डॉ. संजय जनौटी, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति रावत व फ.ार्मसिस्ट प्रेम पाल व आशा वर्कर बबियाड आदि रहे। पूर्व प्रधान बबियाड युगल किशोर पलडिया, वर्तमान प्रधान प्रकाश चंद्र आर्या व समाजसेवी महेश पटस्वाल आदि ने कैंप की सफलता व ग्रामीणों को कैंप का लाभ पूरा मिले इसके लिये सक्रियता से काम किया । दूसरी ओर पूर्व ग्राम प्रधान युगल किशोर पलडिया ने बताया कि इस मेडिकल कैंप मे बड़ी संखया मे वाइरल फ विर प्रभावित लोगो ने प्रतिभाग किया, बुजुर्ग व मातृ शक्ति , युवा व बच्चे सभी वाइरल फीवर की चपेट में थे। इस कैंप से सभी को लाभ मिलेगा। पूरी मेडिकल टीम ने पूरी निष्ठा के साथ प्रत्येक को बेहतर ईलाज देने का प्रयास किया ।कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने कहाँ कि जिस प्रकार से मुखय चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव खर्कवाल व चिकित्सा प्रभारी धारी बलॉक डॉ. हिमांशु कांडपाल ने पूरी वस्तु स्थिति की गंभीरता को देखते हुये ए पूरी तत्परता के साथ मेडिकल टीम को दूरस्थ के ग्रामीणो की सेवा को भेजा हम समस्त क्षेत्रवासी उनका आभार व्यक्त करते हैं । मनोज शर्मा ने कहाँ कि मैंने डॉ. हिमांशु कांडपाल से अनुरोध किया हैं कि जब तक एक-एक वाइरल फीवर पीड़ित स्वस्थ ना हो जाय इस क्षेत्र की मॉनिटरिंग करते रहे और जरूरत पडने पर पुनः भी मेडिकल टीम भेजेगे ।

## कलेक्ट्रेट के प्रधान सहायक ओली को मातृ शोक



नैनीताल। राजस्व विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में प्रधान सहायक के पद पर सेवारत भुवन चन्द्र ओली की माताजी देवकीदेवी ओली (86) निवासी ग्राम नैना गांव का निधन हो गया।

वह अपने पीछे दो पुत्र, दो बहुएं एव नाती पोतो से भरा.पूरा परिवार छोड गयी हैं। उनके निधन पर राजस्व कर्मियों ने गहरा दुःख जताया है। स्व0. ओली के पति स्व0 परमानन्द ओली लोक निर्माण विभाग नैनीताल के रजिस्टर्ड ठेकेदार थे तथा उनके बड़े पुत्र घनानंद ओली उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल से वर्ष 2023 मे सेवानिवृत हुए हैं देवकी देवी ओली का पीपलपान 23 मई 2026 को नैनागांव में किया जाएगा।

## पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जताई शोक संवेदना

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के सभागार में बुधवार को पूर्व मुखयमंत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सेवानिवृत मेजर जनरल स्वर्गीय भुवन चन्द्र खण्डूरी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्वर्गीय खण्डूरी के देश और राज्य के प्रति दिए गए अद्वितीय योगदान को याद करते हुए उनके निधन को उत्तराखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।शोक सभा को संबोधित करते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.सी.एस. रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में स्वर्गीय भुवन चन्द्र खण्डूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों के फलस्वरूप ही आज हम उत्तराखंड राज्य की सबसे बड़ी न्यायिक संस्था में कार्य कर रहे हैं वहीं महासचिव सौरव अधिकारी ने उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सरल व्यवहार, स्वच्छ छवि व सुशासन, पारदर्शिता, अनुशासन और ईमानदार राजनीति के प्रतीक थे। पूर्व सांसद व वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने उन्हें एक व्यवहारिक, गंभीर और कुशल निर्णय लेने वाला राजनेता बताया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य चन्द्र शेखर जोशी ने स्वर्गीय खण्डूरी जी के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उनके मुखयमंत्रित्व काल में ही राज्य में ऐतिहासिक लोकायुक्त विधेयक पारित किया गया था जो भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

शोक सभा में उपाध्यक्ष गौरव काण्डपाल, भुवनेश्वर जोशी, विश्व प्रकाश बहुगुणा, विश्वस्त काण्डपाल, प्रभा नैथानी, पंकज सेमवाल, संजय भट्ट, पूरन सिंह रावत, गौरव पंवार, केतन जोशी, अविदित नौरियाल और श्री राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## एसटीएच अस्पताल से एक्टिवा स्कूटी चोरी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

हल्द्वानी। सुशीला तिवारी अस्पताल परिसर से एक एक्टिवा स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी नवीन चन्द्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 22 अप्रैल को किसी मरीज को देखने के लिए अपनी एक्टिवा स्कूटी संख्या यूके04 टी ए पी-1497 से अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कूटी पीएनबी एटीएम के सामने खड़ी की थी। स्कूटी के अंदर वाहन की आरसी और इंश्योरेंस संबंधी दस्तावेज भी रखे हुए थे। नवीन चन्द्र ने बताया कि मरीज को देखने के बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी स्कूटी मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर वाहन बरामद करने और चोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

# फिल्मी दुनिया

## जिस मंच ने किया था रिजेक्ट, अब वहीं दी बतौर गेस्ट परफॉर्मेंस



*आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया ही हासिल हुई है। वहीं बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है। आयुष्मान ने इस फिल्म में एक्टिंग के अलावा फिल्म के गाने 'दिल वाले चोर' का रिप्राइज वर्जन भी गाया है। हाल ही में आयुष्मान एक रियलिटी शो में पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस गाने पर परफॉर्मेंस दी थी। अब आयुष्मान ने खुलासा करते हुए बताया कि ये वो ही स्टेज है, जिसने उन्हें कभी रिजेक्ट किया था। आज उसी स्टेज पर उन्होंने सेलेब गेस्ट के तौर पर अपने ही गाने पर परफॉर्म किया है। पति पत्नी और वो दो' के प्रमोशन के दौरान आयुष्मान खुराना सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल के मंच पर पहुंचे थे। इस दौरान आयुष्मान ने अपनी आवाज में 'दिल वाले चोर' गाने के रिप्राइज वर्जन पर परफॉर्म भी की। लेकिन अब आयुष्मान ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि कभी इंडियन आइडल ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था। इस परफॉर्म का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए आयुष्मान ने कैप्शन में लिखा, 'यह दिल वाले चोर का रिप्राइज वर्जन है, जिसे मैंने इंडियन आइडल में गाया था। वही मंच जिसने मेरे संघर्ष के दिनों में मुझे रिजेक्ट कर दिया था। विश्वास नहीं होता गाने को पसंद करने के लिए शुक्रिया।*

### मिले थे अवॉर्ड्स

*आयुष्मान खुराना ने अपने करियर की शुरुआत बतौर वीडियो जॉकी की थी। इसी दौरान वो इंडियन आइडल के दूसरे सीजन में ऑडिशन के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें वहां रिजेक्ट कर दिया गया था। हालांकि, बाद में वक्त बदला और आयुष्मान ने 2012 में आई फिल्म 'विक्की डोनर' से बॉलीवुड में बतौर अभिनेता अपनी शुरुआत की।*

## 23 घंटे की पूछताछ के बाद छोड़ा गया नरेश पांडे, मोबाइल किया जब्त

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**सनसनी**

- चर्चित प्रकरण में पूछताछ जारी

शहर में चर्चाओं और विवादों के केंद्र बने प्रकरण में पुलिस ने लंबी पूछताछ के बाद नरेश पांडे को छोड़ दिया है। करीब 23 घंटे तक चली पूछताछ के दौरान पुलिस ने नरेश पांडे के दो मोबाइल फ ोन भी जब्त कर लिए वहीं बुधवार को पुलिस ने पीड़िता से भी घंटों पूछताछ की। पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर शहर में सनसनी फैला दी है।

मामले को लेकर पहले से ही चर्चाओं का बाजार गर्म था लेकिन नरेश पांडे के कोतवाली से बाहर आते ही सोशल मीडिया में उनका नया बयान सामने आने के बाद मामला फि र सुर्खियों में आ गया। वायरल बयान में नरेश पांडे ने खुद को बेगुनाह बताते हुए अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को गलत बताया है। इधर नरेश पांडे के छूटने के बाद भी उनकी पत्नी और बेटा देर तक कोतवाली के आसपास मौजूद रहे। परिवार की लगातार गतिविधियों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं और लोगों की भीड़ भी कोतवाली क्षेत्र के आसपास जुटी रही। सूत्रों के अनुसार पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और मोबाइल डेटा को भी जांच का अहम हिस्सा माना जा रहा है। यही कारण है कि पूछताछ के बाद दोनों मोबाइल फ ोन पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने शहर में एक बार फि र कई सवाल खड़े कर दिए हैं और लोग अब पुलिस जांच के अगले कदम पर नजर बनाए हुए हैं वहीं मामले में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि नरेश पांडे से लगभग 23 घंटे तक पूछताछ की गई है साथ ही पीड़िता से भी विस्तृत पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

## राज्य आंदोलनकारियों की बैठक कल होगी

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरु रानी ने कहा कि डीडीहाट के विधानसभा डीडीहाट के वंचित व राज्य आंदोलनकारियों की बैठक 22 मई (शुक्रवार) को प्रात: 10 बजे से व्योम रेस्टोरेंट डीडीहाट में आयोजित की गई है ।

गुरुरानी के मुताबिक बैठक के बाद वंचित और राज्य आंदोलनकारी उप जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाल कर जाएंग और उप जिलाधिकारी के माध्यम से पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत राज्य आंदोलन में भाग लेने वाले आंदोलनकारियों की सूची मुखयमंत्री को प्रेषित करेंगे।

## आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के यात्रियों ने किया पौधारोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 674वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 674वे दिन पर्यटक आवास गृह चौकड़ी परिसर में आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के यात्रियों ने पौधारोपण किया।

यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी द्वारा चलाई गई हिमालय बचाओ अभियान के तहत पौधारोपण की मुहिम की सराहना की।पौधारोपण कार्यक्रम में यात्रियों के साथ दल के कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सिंह, प्रबंधक दीपक पन्त, दीपक पपनई, भीम अधिकारी तथा दीप पन्त सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# शहर की सुरक्षा अब पीएसी जवानों के हवाले,महापौर विकास शर्मा की पहल पर बनी नई सुरक्षा रणनीति

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर में पिछले दिनों शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की वारदातों के व्यापारियों के असंतोष और सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी अजय गणपति से मुलाकात की। इस दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लंबी और अहम वार्ता हुई, जिसमें रात के समय बाजारों और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए ब?ा निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि अब शहर की रात की सुरक्षा व्यवस्था में पीएसी के जवानों की अलग से तैनाती की जाएगी। एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से एक



प्लाटून पीएसी तैनात करने के निर्देश जारी किये। यह पीएसी के जवान रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करेंगे। पीएसी जवानों की निगरानी और संचालन के लिए एक सब इंस्पेक्टर को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दरअसल बीते दिनों मटके वाली गली सहित शहर के चार प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद व्यापारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की थी। इसी को लेकर महापौर व्यापारियों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस की विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। महापौर ने एसएसपी से वार्ता के बाद बताया कि व्यापारियों के सुझावों के आधार पर शहर के कई संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित कर लिए गए हैं, जहां पीएसी जवानों की विशेष तैनाती रहेगी। इसके अलावा शहर की गलियों और बाईपास मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रात में लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन मिलकर ऐसा सुरक्षा तंत्र तैयार कर रहे हैं जिससे भविष्य में चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड पुलिस लगातार ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों और नशा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। रूद्रपुर में भी अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी व्यापारी को असुरक्षित महसूस नहीं होने दिया जाएगा।आवश्यकता महसूस होगी वहां नगर निगम की ओर से भी अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सुरक्षा रणनीति लागू होने के बाद शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत होगा।

# आईपीएल ऑनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा खुलासा, दिल्ली का शातिर बुकी दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अपराध मुक्त देवभूमि उत्तराखंड के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में जनपद में अपराधियों,सट्टेबाजों एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसओजी रुद्रपुर व कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले दिल्ली निवासी शातिर बुकी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी कार्यालय से जारी खुलासा में 19 मई 2026 की रात्रि में पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे। तभी परशुराम चौक के पास एसओजी रुद्रपुर टीम ने सूचना दी कि सिडकुल आनंदपुर रोड स्थित धर्मकांटे के आगे एक व्यक्ति अपनी सफेद रंग की



हॉन्डा सिटी कार में बैठकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़ी सफेद रंग की हॉन्डा सिटी कार संख्या डीएल 10 सीएल 7743 में एक व्यक्ति लैपटॉप पर कार्य करता दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पहुंच दबोच लिया।अभियुक्त रंजीत सिंह सैनी को नियमानुसार गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना कोतवाली ट्रांजिट कैंप में धारा 13 जी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

रंजीत सिंह सैनी निवासी आर-जेड-एफ 150/3, गली नंबर-37, साद नगर, पालम कॉलोनी, थाना पालम गाँव, जिला दिल्ली। अभियुक्त से 92 हजार रुपए, लैपटॉप,5 मोबाइल फोन,हॉन्डा सिटी कार संख्या डीएल 10 सीएल 7743 की बरामदगी ।

संयुक्त पुलिस कार्रवाई में आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र, एएसआई सन्तोष रोडियाल,दिनेश ध्यानी, देवेन्द्र सिंह के अलावा एसओजी से दिनेश चन्द्र,ललित कुमार,चालक राजेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी को दी श्रद्धांजलि शहीद स्मारक पर रखा गया दो मिनट का मौन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एकता जनसेवा फाउंडेशन, एंटी करप्शन सेल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार के तत्वावधान में हल्द्वानी की मटर गली स्थित शहीद स्मारक पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि बीसी खंडूरी का निधन केवल उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक युग का अंत है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में खंडूरी जी ने उत्तराखंड को विकास की नई दिशा देने का कार्य किया, जिसे प्रदेश की जनता हमेशा याद रखेगी। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में खंडूरी जी ने उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अनेक जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाया।

उनके अचानक निधन से समाज और प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर सचिव महिला मोर्चा लक्ष्मी देवी, प्रदेश सचिव जीतू सागर, प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी नारायण, प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर, संजय कुमार, राजेश ठाकुर, शशि गुप्ता, जमील कुरैशी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# हत्या के जुर्म में अभियुक्त को आजीवन कारावास

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वितीय कुलदीप शर्मा की अदालत ने हत्या के जुर्म में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई ।

अभियोजन पक्ष के अनुसार धारी तहसील अंतर्गत पहाड़पानी (कालीगढ़ी गधेरा) क्षेत्र में वर्ष 2019 में रात्रि में पूजा के दौरान हुई एक सनसनीखेज हत्याकांड हुआ था । घटना 7/8 सितंबर 2019 की रात्रि की है जहां पहाड़पानी क्षेत्र में एक धार्मिक पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । भोजन के दौरान अशोक मेलकानी ने खाने (मीट) में मिर्च अधिक होने की बात कही । इस बात पर वहां मौजूद ललित मोहन चौसाली भड? गया और दोनों के बीच बहस व धक्का.मुक्की शुरू हो गई हालांकि उस समय वहां उपस्थित अन्य लोगों ने दोनों को शांत करवाकर मामला रफ ा.दफ ा कर दिया था लेकिन पूजा स्थल पर हुए विवाद के बाद जब अशोक मेलकानी अपने एक साथी के साथ घर की ओर निकलने लगा और करीब 15-20 मीटर आगे पहुँचा तो उसने अभियुक्त ललित को धमकाया । इस पर आक्रोशित होकर ललित मोहन चौसाली दौड़ते हुए उसके पास पहुँचा और अपने पास रखे चाकू से अशोक की छाती पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए । गंभीर रूप से घायल अशोक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मृतक के भाई बबलू मेलकानी ने पट्टी चौभेंसी पुलिस (राजस्व) में इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी । विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राम सिंह रौतेला ने दमदार पैरवी करते हुए कुल 12 गवाहों को अदालत में पेश किया गया । बचाव पक्ष ने दलील दी कि घटना में प्रयुक्त चाकू पर मानव रक्त नहीं पाया गया था और आरोपी को झूठा फंसाया गया है परंतु न्यायालय ने पाया कि घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुँचे चश्मदीद साक्षियों (जैसे जगदीश चन्द्र मिश्रा और राजेन्द्र भट्ट) के बयान अटूट और विश्वसनीय थे जिन्होंने अभियुक्त को घटनास्थल पर हाथ में चाकू लिए और अपना गुनाह कबूल करते हुए देखा था । अदालत ने माना कि पूर्व शत्रुता न होने के बावजूद भोजन का विवाद हत्या का पर्याप्त कारण (हेतुक) था और आरोपी को धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई । अर्थदंड न देने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास होगा ।

## जंगल की आग को रोकने गई महिला, बुरी तरह झुलसने से मौत

**चमोली।** जंगल की आग की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। विकास खंड कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल के ग्राम पंचायत पैंडुला की अंजू देवी (50 वर्ष) की जंगल की आग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पूर्व प्रधान सुनय कुकसाल ने बताया कि महिला घर से करीब 150 मीटर दूर जंगल की तरफ से घर की ओर आ रही आग को बुझाने गई थी। ९

# ट्रेन में सीट को लेकर यात्रियों को पीटकर फरार हुए युवक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रेलवे ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। किच्छा से वहेड़ी जा रही ट्रेन में दो युवकों द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने घटना की शिकायत जीआरपी काठगोदाम में दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। मीना देवी पत्नी मदन लाल निवासी नीलकंठ कॉलोनी लालपुर, थाना किच्छा जनपद ऊधमसिंहनगर ने जीआरपी को दी तहरीर में बताया कि वह दिनांक 20 मई को ट्रेन से अपने पिता ब्रह्मस्वरूप, बहन सुमन तथा भाभी अनीता देवी के साथ किच्छा रेलवे स्टेशन से वहेड़ी जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थीं। ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण परिवार खड़े होकर सफर कर रहा था। आरोप है कि जैसे ही परिवार सीट पर बैठने लगा, तभी दो युवक वहां पहुंचे और सीट को लेकर विवाद करने लगे। देखते ही देखते दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ितों ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना में मीना देवी के पिता ब्रह्मस्वरूप, बहन सुमन और भाभी अनीता देवी को चोटें आई। घायलों को उपचार के लिए किच्छा ले जाया गया, जहां से ब्रह्मस्वरूप और अनीता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रुद्रपुर रेफर कर दिया गया।

जीआरपी काठगोदाम ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मिशन संवाद कुमाऊं पुलिस का संवेदनशील व प्रभावशाली कदम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मिशन संवाद कुमाऊँ पुलिस द्वारा पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में चलाया जा रहा एक संवेदनशील एवं प्रभावी प्रयास बनकर उभरा है।

मामले को लेकर आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल ने मिशन संवाद से जुड़े कई लाभार्थियों से मुलाकात की जिन्होंने साझा किया कि इस पहल ने उनके जीवन, मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।ऐसी ही एक महिला पुलिसकर्मी जो ड्यूटी के दौरान गंभीर शारीरिक चोटों के कारण हाथों, कंधों और पैरों की आंशिक कार्यक्षमता खो चुकी थीं लंबे समय से मानसिक



तनाव और पारिवारिक कठिनाइयों से जूझ रही थीं। अल्मोड़ा तबादले के बाद उनकी स्थिति और बिगड़ गई थी। मिशन संवाद की काउंसलिंग और आईजी कार्यालय के संवेदनशील हस्तक्षेप के बाद उनका स्थानांतरण वापस हल्द्वानी किया गया जिससे वे अपनी बेटी के साथ रह सकीं और अपने वैवाहिक जीवन पर भी ध्यान दे सकीं। आज वह शारीरिक चुनौतियों के बावजूद आत्मविश्वास के साथ अपनी जिमेदारियां निभा रही हैं।

इतना ही नहीं उन्होंने स्वयं मिशन संवाद की नोडल अधिकारी के रूप में जुड?र अन्य पुलिस कर्मियों को भी सहायता लेने के लिए प्रेरित करने की जिमेदारी उठाई है।इसी प्रकारए एक अतिरिक्त उपनिरीक्षक जो पीटीएसडी और आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे थे को मिशन संवाद के माध्यम से नियमित काउंसलिंग, पारिवारिक सहयोग और संस्थागत समर्थन प्रदान किया गया।6 माह के लिए परिवार के पास स्थानांतरण और निरंतर थेरेप्यूटिक सहायता के बाद उनकी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया हैए और वे अब पुनः सकारात्मक ऊर्जा के साथ विभागीय कार्यों में सक्रिय हैं।

आईजी ने कहा कि मिशन संवाद का उद्देश्य केवल परामर्श देना नहीं बल्कि पुलिस बल के भीतर एक अधिक समर्थ, संवेदनशील और मानसिक रूप से स्वस्थ कार्य.संस्कृति का निर्माण करना है। मिशन संवाद इसीलिए चलाया गया कि पुलिस के कर्मचारी अपनी परेशानियां बता सकें और मिशन संवाद के तहत उनकी परेशानियों का हल निकाला जा सके। सुंदर सिंह भी परेशान है। हो सकता है उसकी पारिवारिक परेशानियां हों। विभागीय हों, मिशन संवाद से उसकी परेशानियों का हल निकल सकता है। उसका अपने परेशानी बताने का माध्यम उचित नहीं है। उसने सोशल मीडिया को माध्यम न बनाते हुए मिशन संवाद टीम से संपर्क करना चाहिए था या अपनी परेशानी लेकर मेरे कार्यालय में आए तो मैं उसकी परेशानी का हल निकालने का प्रयास करूंगी।भगवान मुझे शक्ति दे कि मैं अपने पुलिस परिवार के लोगों की हर छोटी, बड़ी परेशानी को इस प्रयास से दूर कर सकूँ।